# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

बिहार लोक भवन, पटना–800022


पत्रांक–BSU(VC Meeting)-11/2026- 1963 /GS (I). दिनांक–07/09/26

प्रेषक,

**दीपक कुमार सिंह, भा.प्र.से.**
राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव

सेवा में,

**कुलपति**
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना / जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा / पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ / मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर / भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा / मगध विश्वविद्यालय, बोधगया / बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर / तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर / वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– नवसृजित डिग्री महाविद्यालयों में प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार लोक भवन में दिनांक 14.08.2026 को जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा एवं दिनांक 27.08.2028 को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की समीक्षा बैठक में नवसृजित डिग्री महाविद्यालयों में प्रशासनिक दृष्टिकोण से निम्न व्यवस्था बनाये जाने का निर्णय लिया गया हैः–

1. अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य को उसके निकटवर्ती नवसृजित डिग्री महाविद्यालय के प्रधानाचार्य का अतिरिक्त प्रभार दिया जाए।
2. नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों (संविदा) में से किसी एक सहायक प्राध्यापक को दैनिक कार्यो के निर्वहन के लिए नामित किया जाए।
3. नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों (संविदा) में से किसी एक सहायक प्राध्यापक को नवसृजित डिग्री महविद्यालय में **Burser** के कार्यो के संपादन हेतु नामित किया जाए, जो प्रधानाचार्य (अतिरिक्त प्रभार) के साथ संर्युक्त हस्ताक्षर से बैंक खाता का संचालन करेंगे।

अतः अनुरोध है कि राज्य में नवसृजित डिग्री महाविद्यालयों की प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु उपर्युक्त व्यस्था बनाये जाने के संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जाए।

विश्वासभाजन,

**अनु.**:–दिनांक 14.08.2026 एवं 27.08.2026
के बैठक की कार्यवाही की प्रति

**(दीपक कुमार सिंह)**

ज्ञापांक– BSU(VC Meeting)-11/2026- 1963 /GS (I). दिनांक–07/09/26

**प्रतिलिपिः–** सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित / संयुक्त निदेशक, एन.आई.सी., बिहार लोक भवन को वेबसाईट पर आपलोड़ करने हेतु प्रेषित।

**राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव**